# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में आग लगने से दस नवजात शिशुओं की मौत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर झांसी पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। कहा–घटना की तीन स्तरों पर जांच करायेगी सरकार।
- पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा दो हजार चौबीस अब बाइस दिसम्बर को दो पालियों में होगी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पहल के बाद प्रतियोगी छात्रों का धरना समाप्त।
- देव दीपावली पर इक्कीस लाख दीयों से रोशन हुयी भगवान शिव की नगरी काशी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी बने देव दीपावली के साक्षी।
- गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में अड़सठवीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता आज से शुरू। साढ़े चार सौ से अधिक खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग।

**********

झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु सघन चिकित्सा यूनिट में कल रात भीषण आग लगने से कम से कम दस नवजात शिशुओं की झुलसने और दम घुटने से मौत हो गयी। इस हादसे में करीब चालीस बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। देर रात फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। बचाव कार्य में सेना ने भी मदद की। यह हादसा कल रात साढ़े दस से पौने ग्यारह बजे के बीच हुआ। उस समय करीब पचास नवजात शिशु सघन चिकित्सा यूनिट में भर्ती थे। हादसे की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और चिकित्सकों को तत्काल मौके पर पहुंच कर युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि घायलों का समुचित उपचार किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे मामले में बारह घंटे के अन्दर रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने इस हृदय विदारक घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिये प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक रात में ही प्रमुख सचिव स्वास्थ्य के साथ झांसी के लिये रवाना हो गये। झांसी पहुंच कर उप मुख्यमंत्री ने पूरे मामले की और नवजात शिशुओं के बारे में जानकारी ली।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सरकार हर पीड़ित के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि झांसी के मेडिकल कॉलेज में हुए इस हादसे की तीन स्तरों पर जांच करायी जायेगी।

***बहुत ही दुखद मृत्यु हुई है और हम सब परिजनों के साथ मिलकर के बच्चों को आईडेन्टीफाई कर रहे हैं। किन–किन बच्चों की डेथ हुई किन परिजनों के हैं। घटना के जांच के आदेश उच्च स्तरीय दिये गये हैं। पहली जांच तो शासन स्तर से होगी जो हेल्थ डिपार्टमेंट करेगा। दूसरी जांच पुलिस प्रशासन और जिले की स्तर से होगी। जिसमें हर विभाग की टीमे शामिल होगी और तीसरी मजिस्ट्रेटी जांच के भी आदेश दिये गये है। हर स्थित में घटना के कारणों को पता लगाया जाएगा और जो भी कारण होगें वो आपके समक्ष होगें। प्रदेश की जनता के समक्ष आपके माध्यम से रखेगे। सबसे बड़ी बात ये है कि घटना कैसे हुई किन कारणों से हुई। इस बात का हम पता लगाएगें और ये किस स्तर पर लापरवाही पाई गयी तो उसकी जिम्मेदारी भी हम तय करेगें। तो उनके खिलाफ हम कड़ी कार्यवाही हम करेंगे। किसी को हम छोड़ेगे नही। बच्चों के परिजनों के साथ बच्चों के साथ पूरी सरकार खड़ी है।***

**********

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा पीसीएस–प्रारम्भिक परीक्षा दो हजार चौबीस एक ही दिन में कराने के निर्णय के बाद आयोग ने परीक्षा की नई तिथि भी घोषित कर दी है। आयोग के अनुसचिव ओंकारनाथ सिंह ने बताया कि परीक्षा बाइस दिसम्बर को दो पालियों में आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर यह फैसला प्रतियोगी छात्रों की मांग को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस बीच समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा–2023 जो 22 और 23 दिसम्बर को होनी थी, उसे स्थगित कर दिया गया है। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के वरिष्ठतम सदस्य कल्पराज सिंह की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। समिति के रिपोर्ट पर विचार करने के बाद जल्द ही इन दोनों प्रारम्भिक परीक्षाओं की तिथि की घोषणा की जायेगी। नये निर्णयों के बाद कल देर रात प्रयागराज में आयोग के कार्यालय के बाहर धरनारत प्रतियोगी युवाओं को समझा–बुझा कर धरना समाप्त करा दिया गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में तीन से चार गुना कृषि उत्पादन बढ़ाने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि देश की कुल कृषि योग्य भूमि का प्रदेश में केवल ग्यारह प्रतिशत ही है लेकिन कृषि उत्पादन में हमारी हिस्सेदारी बीस प्रतिशत है। मुख्यमंत्री कल लखनऊ में चार दिवसीय कृषि भारत सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन के साझीदार देश नीदरलैंड्स के उप कृषि मंत्री जान कीस गोएट ने हाल के वर्षो में कृषि के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों की सराहना की। सम्मेलन में करीब एक लाख किसान और देश विदेश की 200 से ज्यादा कृषि उत्पाद कंपनियां हिस्सा ले रही हैं।

**********

पूर्वांचल, बिहार और नेपाल जैसे दूर–दराज के क्षेत्रों से इलाज के लिये एम्स गोरखपुर आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को एम्स में रहने, ठहरने और भोजन की बेहतर और सस्ती सुविधा मिल सकेगी। इसके लिये एम्स गोरखपुर और पावरग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया के बीच कल पांच सौ बेड वाले विश्राम सदन के निर्माण के लिये समझौता करार–एमओयू हुआ। पावरग्रिड के सीएसआर फण्ड से करीब पैंतालीस करोड़ रूपये की लागत से बनने वाला यह सदन तीन मंजिला होगा।

**********

देव दीपावली के शुभ अवसर पर कल, देर शाम भगवान शिव की नगरी काशी ने आध्यात्मिकता और उत्सव के अनूठे प्रदर्शन से दुनिया को अचम्भित कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में, काशी के घाटों को रिकॉर्ड सत्रह लाख दीपों से रोशन किया गया, और काशी विश्वनाथ तथा शहर को अतिरिक्त चार लाख दीपों से रोशन किया गया।

इस भव्य उत्सव की शुरुआत उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नमो घाट पर पहला दीप जलाकर की गई। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, राज्य सरकार के मंत्री रवीन्द्र जायसवाल और दयाशंकर मिश्र दयालु सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। देव दीपावली समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सशक्त राष्ट्र के लिये सामाजिक समरसता जरूरी है।

***हमारी संस्कृति हमें प्रेरणा देती है। सभी को साथ देकर चलें। भारत सामाजिक समरसता की नींव है, दुनिया को बड़ा संदेश देती है। मानवता का सबसे बड़ा धर्म क्या है? सामाजिक समरसता होनी चाहिए। हमारे बीच मत भेद हो सकते हैं। मतभेद भी हो सकते हैं। मतभेद कम से कम नहीं चाहिए। कोशिश करनी चाहिए न हो पर जब राष्ट्र हित के मामले में हम कुछ लोगों को देखते हैं कि वो इसको सर्वोपरि नहीं रखते हैं तो देश में चुनौती का वातावरण बनता है उस वातावरण के प्रति सजग रहने के लिए हमारी सांस्कृतिक माला जो है, हम सबको उसी का हिस्सा रहना है।***

नमो घाट के उद्घाटन के बाद, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने क्रूज की सवारी कर मां गंगा की महा आरती और गंगा के घाटों पर जगमगा रहे असंख्य दीपकों का अवलोकन किया। इस अवसर पर पांडे घाट पर एक विशेष आकर्षण था, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारे बंटोगे तो कटोगे को प्रदर्शित करने के लिए इक्यावन हजार दीपकों का इस्तेमाल किया गया था। शंख ध्वनियों और घंट–घडियालों की गूंज के बीच चेत सिंह घाट पर, मंत्रमुग्ध कर देने वाली थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग, लेजर शो और आतिशबाजी ने रेत के किनारों को जगमगा दिया। देव दीपावली के उपलक्ष्य में काशी विश्वनाथ मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की गयी। काशी के इस ऐतिहासिक समारोह का साक्षी बनने के लिये देश और दुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु पहुंचे थे।

**********

चौदह वर्ष तक की उम्र के खिलाड़ियों के लिये अड़सठवीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन आज से बीस नवम्बर तक गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में होगा। प्रतियोगिता के दौरान बालक और बालिका वर्ग में दस–दस श्रेणियों के मुकाबले होंगे। आज पहले दिन बालक वर्ग में सत्तावन और बालिका वर्ग में चौबीस किलोग्राम भार वर्ग के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये कल देर शाम तक कई प्रदेशों के खिलाड़ी गोरखपुर पहुंच चुके थे। इस राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***गोरखपुर जनपद में 68वीं अंडर –14 राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता का पहली बार आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ आज उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में लगभग 450 से अधिक खिलाड़ी होंगे देश के लगभग हर राज्य से 45 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता 20 नवंबर तक वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के मैदान में आयोजित की जाएगी।***

**********